स्वदेश

अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया पौधारोपण

आर्य ने पौधारोपण के लिए किया प्रेरित

स्वदेश समाचार ■ बड़वानी

एक पेड़ मां के नाम से अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर निवास स्थल के सामने उद्यान पर एक पौधा रोपण कर जनता को पौधारोपण के लिए संदेश देकर अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित किया ।

भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया प्रधान मंत्री मोदी के आव्हान पर अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य ने अपने निवास के सामने नपा के उद्यान में अपनी मां मंगलीबाई के नाम से पौधा रोपण किया। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित जनजाति के लोगों से आव्हान किया कि हम वनवासी लोग है जंगल की रक्षा करना व पर्यावरण की रक्षा करने हेतु अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की आवश्यकता है । हमारे पूर्वजों ने हमेशा वन की रक्षा कर पौधे लगाते आए है । किंतु कुछ स्वार्थीतत्वों द्वारा जंगल का सफाया करने से पर्यावरण को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा हैं । इसके लिए अब हमें पर्यावरण को बनाए रखने हेतु पेड़-पौधे लगाने होंगे । हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र ने भी आव्हान किया है कि अधिक से अधिक पौधा रोपण करे । मैने आज अपनी मां के नाम से पौधा रोपण किया है । आप सभी अपनी मां के नाम से कम से कम एक वृक्ष जरूर लगावे । नगर पालिका द्वारा एक पेड़ मां के नाम से लगाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है । इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ मधु चौधरी, उपयंत्री विशाल जोशी, जिला उपाध्यक्ष विकास आर्य, विजय स्वामी, ललिता आर्य व ग्रामीण कार्यकर्ता मौजूद थे ।

महिला मोर्चे ने 500 पौधों का किया रोपण

एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा बड़वानी जिले के ग्राम आमलिया में 500 पौधों का रोपण किया गया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एवं प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया व जिला अध्यक्ष कमलनयन इंगले की अनुशंसा से एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत ग्राम आमलिया में 500 पौधों को लगाया गया। जिसमें नीम, बरगद, शीशम, आम, जामुन, बिल्वपत्र आदि का पौधों का रोपण किया। जिला अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि उक्त अभियान आगे भी सतत रूप से चलाया जाएगा व आमजनों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री अंजना पटेल, जया शर्मा, सभी मण्डल अध्यक्ष, मण्डल कार्यकारिणी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रही।